संख्या—cm-55
24/01/2021

# जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के विचारों को ज़मीन पर उतारने के लिए हम प्रयत्नशील हैं— मुख्यमंत्री

पटना, 24 जनवरी 2021 :— मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने वीरचंद पटेल स्थित जदयू पार्टी कार्यालय के कर्पूरी सभागार में जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के जयंती समारोह का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। बिहार जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित इस समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की जयंती के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में आप सबका स्वागत करता हूं। उन्होंने कहा कि कर्पूरी जी के निधन के पश्चात हम जबसे विधायक थे उस समय से ही कार्यक्रम करते आ रहे हैं। बाद में कर्पूरी जी का जयंती समारोह बड़े पैमाने पर मनाया जाने लगा। इस बार कोरोना की वजह से कार्यक्रम को सीमित रखा गया है। पिछले वर्ष 24 जनवरी, 2020 को श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित कार्यक्रम में यह ऐलान किया गया था कि अगला कार्यक्रम बापू सभागार में किया जाएगा लेकिन कोरोना की वजह से बापू सभागार में कार्यक्रम आयोजित तो नहीं हो पाया मगर यह कार्यक्रम आज कर्पूरी सभागार में हो रहा है। अगले वर्ष कर्पूरी जी की जयंती पर बापू सभागार में कार्यक्रम आयोजित होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि कोरोना के दौर से जल्द ही मुक्ति मिलेगी और गतिविधियां सामान्य रुप से शुरु हो सकेंगी। कोरोना काल में बिहार से बाहर रह रहे लोगों की मदद के लिए काफी कुछ किया गया। बिहार आए लोगों को भी उचित सुविधाएं दी गईं। कोरोना से संबंधित चीजों की प्रतिदिन हम समीक्षा करते रहे हैं और उससे बचाव के लिए लगातार कार्य किए जाते रहे हैं। कल के आंकड़ों के अनुसार देश में 10 लाख की आबादी पर जितनी कोरोना की जांच हो रही है बिहार में उससे 21 हजार ज्यादा जांच हो रही है। देश में अब तक 19 करोड़ लोगों की कोराना जांच की गई है और बिहार में 2 करोड़ से ज्यादा जांच की गई है। केंद्र सरकार द्वारा पूरे देश में 16 जनवरी 2021 से कोरोना वैक्सिनेशन के प्रथम फेज की शुरुआत हुई है। दूसरे फेज में 50 वर्ष से अधिक उम्र वालों को भी वैक्सीन दी जायेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पार्टी कार्यालय में भी लोगों ने उपस्थित होकर जननायक कर्पूरी ठाकुर के प्रति अपनी श्रद्धा निवेदित की है। साथियों ने भी जननायक जी की प्रेरित करने वाली बातों से आप सबों को अवगत कराया है। उन्होंने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के विचारों को ज़मीन पर उतारने के लिए हम प्रयत्नशील हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी, लोकनायक जय प्रकाश नारायण जी, राममनोहर लोहिया जी, जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के विचारों को हमलोग अपनाकर आगे बढ़ रहे हैं। उनके विचारों से हमलोग प्रेरित होकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमलोगों ने न्याय के साथ विकास के सिद्धांत पर काम करते हुए हर इलाके और हर तबके का विकास किया है। हमलोगों ने जो भी नीतियां बनायीं उसका लाभ सबको मिला है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार में आने के पहले ही दिन से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक समाज, अतिपिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए कई कार्यक्रम चलाए गए हैं। हाशिए पर रह रहे लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए विशेष पहल की गई है। पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया, जिससे समाज के हर तबके की महिलाएं जनप्रतिनिधि के तौर पर जनसेवाओं से जुड़ीं।

उन्होंने कहा कि अतिपिछड़ों को अनुसूचित जाति, जनजाति की तरह ही उद्योग लगाने, शिक्षा प्राप्त करने एवं अन्य कई क्षेत्रों में सुविधाएं दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि पहले क्या स्थिति थी इसके बारे में सभी लोग जानते हैं। शाम होते ही लोग घरों से बाहर नहीं निकलते थे। सड़कों की क्या हालत थी? युवा पीढ़ी को उस दौर की कहानी नहीं पता है। उस दौर की स्थिति और इस दौर में किए जा रहे कामों को युवा पीढ़ी को आप सब बताएं। जो भी काम किए जा रहे हैं, उन सब चीजों की जानकारी रखें। कहीं अगर कार्य में गड़बड़ी हो रही है तो उस पर नजर रखें और अगर उसकी जानकारी देंगे तो उस पर कार्रवाई भी होगी। लोगों के बीच जाकर नीतियों और कार्यक्रमों के बारे में चर्चा करने से उनके सुझावों और विचारों से भी आप सब अवगत होंगे और उसकी जानकारी हमें भी मिलेगी। इससे काम करने में और सहुलियत होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नई तकनीक का सदुपयोग करना चाहिए, इसका दुरुपयोग न हो। सोशल मीडिया के माध्यम से नकारात्मक चीजों को बढ़ावा नहीं देना चाहिए। लोगों के मन में सकारात्मकता का भाव रहने से समाज आगे बढ़ेगा। कर्पूरी ठाकुर जी ने मुख्यमंत्री रहते हुए सभी लोगों के लिए काम किया लेकिन उन्हें 2 वर्षों के बाद हटा दिया गया। हमलोग भी सबके हित में काम कर रहे हैं। कभी–कभी सबके हित में काम करने से कुछ लोग नाराज हो जाते हैं। कुछ लोग सिर्फ सत्ता का सुख लेना चाहते हैं। हमलोगों के लिए सत्ता का मतलब है लोगों की सेवा करना। लोगों की सेवा करना ही हमारा धर्म है। लोगों के लिए लगातार हम काम करते रहते हैं। किसी की भी हमने उपेक्षा नहीं की है। बिहार आगे बढ़ रहा है और निरंतर आगे बढ़ेगा। इसे गौर से देखने और समझने की जरुरत है। गांव से लेकर गली तक आवागमन सुलभ हुआ है। घर–घर तक बिजली पहुंच गई है। सभी क्षेत्रों में योजनाबद्ध ढंग से काम किया जा रहा है। लोगों को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। राज्य में व्यापार बढ़ा है। लोगों की क्रय शक्ति बढ़ी है। सभी सरकारी स्कूलों और सरकारी कार्यालयों में बापू द्वारा बताए गए सात सामाजिक पापों को अंकित करवा दिया गया है ताकि लोग उससे प्रभावित हो सकें और उसे अपने जीवन में उतार सकें। कुछ लोगों को मेरी आलोचना करने में पब्लिसिटी मिलती है, उन्हें पब्लिसिटी मिलती रहे, मेरी शुभकामनाएं हैं। उन्होंने कहा कि समाज में प्रेम, भाईचारा और सद्भाव के साथ सभी लोग एकजुट होकर रहें तो बिहार और तेजी से आगे बढ़ेगा।

कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्यमंत्री ने जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी श्रद्धा निवेदित की।

कार्यक्रम के पश्चात् पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट की सारी तैयारियां की जा रही हैं। विधानसभा एवं विधान परिषद का जो सत्र प्रारंभ होगा उसके संबंध में कैबिनेट का निर्णय हो चुका है। सारी चीजें नियत समय पर होंगी। इस बार भी सप्लिमेंट्री बजट आएगा। उन्होंने कहा कि पहले के बचे हुए विकास के काम पूरे किए जाएंगे। सात निश्चय में जो कुछ काम बचे हुए हैं उनको पूरा किया जाएगा। इसके अलावा अन्य बचे हुए विकास के कार्यों को भी पूरा किया जाएगा। जल–जीवन–हरियाली अभियान के तहत बनायी गई योजनाओं पर काम किया जा रहा है। हमलोगों ने आत्मनिर्भर बिहार के सात निश्चय पार्ट–2 के संदर्भ में कई योजनाएं बनायी हैं, जिसका इस नए सत्र के बजट में प्रावधान होगा। इस पर 2021 में काम शुरु हो जाएगा। योजनाओं से संबंधित सभी चीजों का सर्वेक्षण कराया गया है। उन्होंने कहा कि बजट के बारे में पहले से कोई स्पेसिफिक बात नहीं बतायी जाती है। डेवलपमेंट को आगे बढ़ाने के लिए ही बजट का प्रावधान किया गया है। लालू जी के स्वास्थ्य के संबंध में पूछे गये प्रश्न पर उन्होंने कहा कि मेरी कामना है कि लालू जी जल्द से जल्द स्वस्थ हो जाएं।

कार्यक्रम को जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री आर0सी0पी0 सिंह, ऊर्जा मंत्री श्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, जल संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, शिक्षा मंत्री श्री अशोक चौधरी,

परिवहन मंत्री श्रीमती शीला कुमारी, सांसद श्री चंद्रेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, जदयू प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश कुशवाहा, पूर्व मंत्री श्री लक्ष्मेश्वर राय, पूर्व विधान पार्षद श्री रामवचन राय एवं जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष श्री संतोष महतो ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर पार्टी के सांसदगण, विधानमंडल के सदस्यगण, विधानमंडल के पूर्व सदस्यगण, पार्टी पदाधिकारी सहित कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

******